# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## षष्ठम्-सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## सोमवार, दिनांक 24 अगस्त, 2026

## कुल संख्या-22

| | |
|---|---|
| कृषि मंत्री | 04 |
| उद्योग मंत्री | 03 |
| शिक्षा मंत्री | 03 |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री | 03 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 01 |
| राजस्व मंत्री | 03 |
| सहकारिता राज्य मंत्री | 02 |
| ऊर्जा राज्य मंत्री | 03 |

### धोद विधान सभा क्षेत्र में कृषि योजनाओं में प्राप्त आवेदन

22. (803/कृषि) श्री गोरधन (47) – क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र धोद में माह नवम्बर, 2023 से माह जुलाई, 2026 तक खेत तलाई, तारबंदी, डिग्गी, कृषि यंत्र, फसल बीमा एवं प्याज भंडारण योजना के अंतर्गत कितने आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने आवेदन स्वीकृत किये गये तथा कितने निरस्त एवं कितने प्रक्रियाधीन हैं? लाभान्वित किसानों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त योजनाओं में आवेदन, पात्रता एवं चयन की प्रक्रिया तथा प्राथमिकता का क्या आधार है?

(3) क्या यह सही है कि उपलब्ध लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाभार्थियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाता है? यदि हां, तो लॉटरी की प्रक्रिया क्या है?

(4) उक्त योजनाओं के अंतर्गत उक्त अवधि में सीकर जिले में विधान सभा क्षेत्रवार लाभान्वित किसानों की संख्या का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(5) क्या सरकार उक्त योजनाओं से वंचित पात्र किसानों को लाभान्वित करने हेतु कोई विशेष कार्ययोजना या अतिरिक्त लक्ष्य निर्धारित करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जयसिंहपुरा खोर में खेल स्टेडियम का निर्माण

23. (111/युवा मामले एवं खेल) श्री बालमुकुन्दाचार्य (102) – क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र हवामहल के जयसिंहपुरा खोर में खेल स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो कब? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त स्टेडियम हेतु भूमि का चिन्हीकरण कर लिया? यदि हां, तो कहां व कितनी भूमि? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त खेल स्टेडियम हेतु भूमि का चिन्हीकरण कर निर्माण कार्य करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को अनुदान राशि का भुगतान

24. (787/पंचायतीराज) श्री मांगेलाल मीना (117) – क्या

पंचायतीराज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ की ग्राम पंचायतों को वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की विकास अनुदान/किश्त राशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में समय से किश्त जारी न होने के कारण विकास कार्य रुके हुए हैं? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ में विगत दो वित्तीय वर्षों में ग्राम पंचायतों को वित्त आयोग मद से कुल कितनी राशि स्वीकृत की गई, कितनी राशि आवंटित की जा चुकी है तथा शेष बकाया राशि कब तक जारी कर दी जाएगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थी

25. (851/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री राजेन्द्र (128)– क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एम.बी.सी./ एस.बी.सी.वर्ग के छात्रों को कौन-कौनसी छात्रवृत्ति किस-किस योग्यता के आधार पर कितनी-कितनी दी जाती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों में किन-किन श्रेणी के कितने छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई तथा कितने छात्र वंचित रहे? उक्त वंचित छात्रों को कब तक छात्रवृत्ति प्रदान कर दी जाएगी? विवरण

सदन की मेज पर रखें।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय आबापुरा (डाबरीमाल) छात्रावास के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत

26. (1000/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्री अर्जुनसिंह बामणीया (14) – क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय आबापुरा (डाबरीमाल) के छात्रावास में रह रहे जनजाति के बच्चों को नियमों में अंकित मीनू के अनुरूप भोजन नहीं देने के सम्बन्ध में सरकार को कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? उक्त शिकायतों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सिंघानिया विश्वविद्यालय उदयपुर को भूमि का आवंटन

27. (144/राजस्व) श्री उदयलाल डांगी (21) – क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) राजस्थान भू-राजस्व नियम, 1963 के नियम 2 (घ) के तहत विश्वविद्यालय को कितनी भूमि आवंटन किये जाने का प्रावधान है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार सिंघानिया विश्वविद्यालय उदयपुर को नियमों के विपरीत आवंटित की गई भूमि का आवंटन निरस्त कर उसे पुनः राजकीय भूमि में दर्ज करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## विराटनगर विधान सभा क्षेत्र में सहकारी समितियों के भवन निर्माण

28. (750/सहकारिता) श्री कुलदीप (33) – क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र विराटनगर में कितनी क्रय-विक्रय सहकारी समितियां एवं ग्राम सेवा सहकारी

समितियां पंजीकृत हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त में से कौन-कौनसी सहकारी समितियां स्वयं के भवनों में संचालित हैं तथा कौन-कौनसी समितियां भवन विहीन एवं जर्जर भवनों में संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र विराटनगर में कितनी क्रय-विक्रय सहकारी समितियां तथा ग्राम सेवा सहकारी समितियां गोदाम विहिन हैं?

(4) क्या सरकार भवन विहीन एवं गोदाम विहीन सहकारी समितियों के लिए बजट स्वीकृत कर नवीन भवन एवं गोदाम निर्माण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में नवीन विद्युत फीडरों का निर्माण

29. (11/ऊर्जा) श्री ललित यादव (143) – क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में विगत एक वर्ष में कितने नए विद्युत फीडर स्वीकृत किए गए? उक्त में से कितनों के टेंडर जारी हुए, कितने फीडर बनकर चालू हो गए तथा शेष कार्य किस कारण से लंबित हैं? फीडरवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार विद्युत फीडरों के निर्माण में विलम्ब के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा वर्तमान में विद्युत भार एवं उपभोक्ताओं की संख्या के अनुसार कितने नए विद्युत फीडरों की स्वीकृति जारी कर कब तक निर्माण करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कठूमर विधान सभा क्षेत्र में ब्रज क्षेत्रीय विकास परियोजना

30. (723/ग्रामीण विकास) श्री रमेश खींची (125) – क्या

ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि सरकार द्वारा भरतपुर, डीग परिक्षेत्र में ब्रज क्षेत्रीय विकास परियोजना प्रारम्भ की गई है? यदि हां, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र कठूमर को भी इस परियोजना में सम्मिलित करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## तालेड़ा (बूंदी) में उद्योग लगाने हेतु प्राप्त आवेदन

31. (83/उद्योग) श्री हरिमोहन शर्मा (192) – क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) तहसील तालेड़ा जिला बूंदी में विगत पांच वर्षों में किस-किस प्रकार के उद्योग लगाने हेतु आवेदन प्राप्त हुए? उक्त प्राप्त आवेदनों में से किन-किनको उद्योग लगाने की स्वीकृति जारी की गई? विवरण सदन की मेज पर रखे।

(2) स्वीकृत उद्योगों में कितनी-कितनी धनराशि का निवेश होगा और क्या इन उद्योगों में राज्य सरकार का भी निवेश है? यदि हां, तो कितना व नहीं, तो क्यों?

(3) क्या सरकार के ब्यूरो ऑफ इंडस्ट्रीज प्रमोशन राजस्थान के तहत किन-किन शर्तों पर उक्त उद्योगों को क्या-क्या सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानान्तरण हेतु नीति

32. (623/शिक्षा) श्री कालूराम (31) – क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि वर्ष 2024 से माह जुलाई, 2026 तक सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षकों को छोड़कर सभी श्रेणी के शिक्षकों के स्थानांतरण किये गये हैं? यदि हां, तो तृतीय श्रेणी के शिक्षकों का

स्थानान्तरण नहीं करने के क्या कारण हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानान्तरण करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानान्तरण करने के संबंध में नवीन स्थानान्तरण नीति बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जयपुर शहर में संचालित कामकाजी महिला छात्रावास

33. (713/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री गोपाल शर्मा (45)– क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा जयपुर शहर में वर्तमान में कितने कामकाजी महिला छात्रावास संचालित हैं तथा उनकी क्षमता कितनी-कितनी है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या जयपुर शहर में संचालित निजी महिला पीजी/हॉस्टलों में सुरक्षा मानकों (फायर सेफ्टी, महिला गार्ड, CCTV) की जांच हेतु वर्ष, 2025- 2026 में औचक निरीक्षण किए गए हैं? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा संचालित महिला हॉस्टलों में अवैध वसूली, प्रताड़ना को रोकने तथा सुरक्षा हेतु क्या कोई विशेष दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## उदयपुर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में राजस्व प्रकरणों का निस्तारण

34. (105/राजस्व) श्री फूल सिंह मीणा (98) – क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र उदयपुर ग्रामीण में राजस्व अभिलेखों के

डिजिटलीकरण, सीमांकन, नामान्तरण एवं स्वामित्व योजना के कार्य प्रगतिरत हैं? यदि हां, तो सरकार प्रगतिरत कार्यों के साथ लंबित प्रकरणों का भी निस्तारण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में सरकारी बंजर भूमि को विकसित कर कई वर्षों से खेती करने वाले किसानों को नियमानुसार भूमि का आवंटन कर खातेदारी अधिकार देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उदयपुर संभाग में नामान्तरण के लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार उक्त संभाग में इकरारनामा के आधार पर खरीदी गई कृषि भूमि का नामान्तरण नहीं होने के प्रकरणों के समाधान हेतु कोई नीति बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## केशोरायपाटन सहकारी शुगर मिल का पुन: संचालन

35. (761/सहकारिता) श्री चुन्नीलाल सी.एल. प्रेमी बैरवा (52) – क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार द्वारा केशोरायपाटन जिला बून्दी में बंद सहकारी शुगर मिल को पीपीपी मोड पर चलानें की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त शुगर मिल के पुन: संचालन के लिए क्या-क्या प्रयास किये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा उक्त शुगर मिल का पुन: संचालन कब तक

करवा दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## शेरगढ़ विधान सभा क्षेत्र में विद्युत तंत्र सुधार योजना के तहत स्वीकृत कार्य

36. (365/ऊर्जा) श्री बाबूसिंह राठौड़ (101) – क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र शेरगढ़ में विद्युत तंत्र सुधार योजना के तहत माह दिसम्बर, 2023 से माह जुलाई, 2026 तक कितनी योजनाएं स्वीकृत की गई? स्वीकृत योजनाओं का उपखण्डवार, कार्यवार तथा स्वीकृत राशि सहित संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कितने ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए व कितने लम्बित हैं? उपखण्डवार स्वीकृत, स्थापित एवं लम्बित ट्रांसफार्मरों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त योजनाओं में स्वीकृत कार्य समय पर पूर्ण न होने के क्या कारण रहे ? सरकार विद्युत तंत्र सुधार योजनान्तर्गत लम्बित कार्य कब तक पूर्ण करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नोहर विधान सभा क्षेत्र में फसल खराबे का मुआवजा

37. (260/आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा) श्री अमित चाचाण (8) – क्या आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र नोहर में विगत पांच वर्षों में अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, सूखा व प्राकृतिक आपदा से कहां-कहां, कितना-कितना व कब-कब नुकसान हुआ? ग्राम पंचायतवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त अवधि में हुए नुकसान का कितना मुआवजा दिया गया व

कितना शेष है? ग्राम पंचायतवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार उक्त शेष मुआवजा राशि का भुगतान कब तक करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला झुंझुनूं में शहीद स्मारकों का रखरखाव

38. (1034/सैनिक कल्याण) कुमारी रीटा चौधरी (138) – क्या सैनिक कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला झुंझुनूं में वर्तमान में कितने शहीद स्मारकों का रखरखाव सरकार द्वारा किया जा रहा है? विगत तीन वर्षों में इनके रखरखाव हेतु कितना बजट आवंटित किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त जिले में विगत पांच वर्षों में कितने शहीदों की प्रतिमाएँ लगाने हेतु भूमि आवंटन की स्वीकृतियाँ जारी कर कितनी प्रतिमाएँ स्थापित की जा चुकी हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त जिले के शहीदों की प्रतिमाओं/स्मारकों हेतु लम्बित भू-आवंटन प्रकरणों की सूची शहीद के नाम सहित पंचायतवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सिवाना विधान सभा क्षेत्र की नवगठित पादरू पंचायत समिति का भवन निर्माण

39. (581/पंचायतीराज) श्री हमीर सिंह भायल (190) – क्या पंचायतीराज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र सिवाना के अन्तर्गत नवगठित पंचायत समिति पादरू के भवन निर्माण हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त नवगठित पंचायत समिति में स्वीकृत पद अनुसार पदस्थापन करने एवं भौतिक संसाधन भी उपलब्ध कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

## मुख्यमंत्री सर्वजन बालिका आवासीय विद्यालय जैसिंधर स्टेशन की प्रवेश क्षमता में वृद्धि

40. (271/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री रविन्द्र सिंह भाटी (126) – क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि परिवर्तित बजट 2024-25 के तहत जैसिंधर स्टेशन, बाड़मेर में आवासीय विद्यालयों में प्रवेश क्षमता में वृद्धि की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो उक्त घोषणा के तहत किन-किन आवासीय विद्यालयों को सम्मिलित किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त बजट घोषणा के अनुसरण में मुख्यमंत्री सर्वजन बालिका आवासीय विद्यालय की प्रवेश क्षमता में वृद्धि नहीं की गई है? यदि हां, तो क्यों? सरकार उक्त आवासीय विद्यालय की प्रवेश क्षमता में वृद्धि कब तक करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## उप तहसील भिरानी (भादरा) का कार्यालय

41. (732/राजस्व) श्री संजीव कुमार (171) – क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा बजट 2024-2025 विधान सभा क्षेत्र भादरा के ग्राम भिरानी में उप तहसील कार्यालय खोलने की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार द्वारा ग्राम भिरानी में उप तहसील कार्यालय प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? सरकार अब कब तक ग्राम भिरानी में उप तहसील कार्यालय प्रारम्भ करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बानसूर विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत ग्रिड सब-स्टेशन

42. (657/ऊर्जा) श्री देवी सिंह शेखावत (81) – क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र बानसूर में स्वीकृत जी.एस.एस./ट्रांसफार्मरों की संख्या, लाइन लॉस एवं ओवरलोडेड ट्रांसफार्मरों की स्थिति क्या है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में नए जी.एस.एस./फीडर स्वीकृत करने तथा जर्जर लाइनों/पोलों को बदलने की सरकार की क्या योजना है? विवरण सदन के मेज पर रखें।

## जिला श्रीगंगानगर में वी. बी.जी-राम.जी. योजना में उपलब्ध रोजगार

43. (605/ग्रामीण विकास (रोजगार गारंटी योजना) श्री रुपिन्द्र सिंह कुन्नर (200) – क्या ग्रामीण विकास (रोजगार गारंटी योजना) मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) मनरेगा योजना के स्थान पर वी.बी-जी.राम.जी. योजना प्रारम्भ होने के बाद श्रीगंगानगर जिले में कितनी ग्राम पंचायतों में रोजगार हेतु कितने व्यक्तियों द्वारा काम की मांग की गई? पंचायत समितिवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) जिला श्रीगंगानगर में पंचायत समितिवार उक्त योजना में कार्य की मांग अनुसार कितने श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध

करवाया गया तथा कितने श्रमिक रोजगार से वंचित रहे? पंचायत समितिवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार द्वारा रोजगार उपलब्ध नहीं कराने के बदले में श्रमिकों को राहत प्रदान करने हेतु नियमानुसार भत्ता राशि दी गयी है? यदि हां, तो पंचायत समितिवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक : 11 अगस्त, 2026**

**भारत भूषण शर्मा**
**प्रमुख सचिव**